web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

Govt. Registered Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, मंगलवार 03 मार्च 2020 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 155

## ऊर्जा कुशल भारत के विकास के लिए हितधारकों के साथ परामर्श

**» ऊर्जा दक्षता ब्यूरो का स्थापना दिवस**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अपने 19वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार ने एक ऊर्जा कुशल भारत बनाने की दिशा में एक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए हितधारकों के साथ परामर्श का आयोजन किया।




विद्युत सचिव संजीव नंदन सहाय ने कहा कि मैं ऊर्जा कुशल अर्थव्यवस्था की दिशा में योगदान देने के लिए बीईई की कड़ी मेहनत की सराहना करता हूं और साथ ही मैं बीईई से भविष्य में इस तरह के अधिक से अधिक कार्यक्रमों के साथ आगे आने की उम्मीद करता हूं। इस तरह के प्रयास ऊर्जा दक्षता के क्षेत्र में बीईई द्वारा की जाने वाली अन्य पहलों के लिए भी मार्ग प्रशस्त करेंगे। डीप फ्रीज़र और एलसीएसी वाणिज्यिक क्षेत्र में ऊर्जा के मुख्य खपत करने वाले क्षेत्र हैं, इसलिए यह आवश्यक है कि ऊर्जा को बचत और कार्बन डॉइआक्साइड गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए इन दो उपकरणों को ऊर्जा बचत के कार्यक्रम में शामिल करना आवश्यक है। दो उत्पादों से ही वित्तीय वर्ष 2030 तक लगभग कुल 9 बिलियन यूनिट बिजली की बचत होने की उम्मीद है। सभी हितधारकों का स्वागत करते हुए, अभय बाकरे, महानिदेशक बीईई, ने सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के भागीदारों द्वारा दिए गए समर्थन और मार्गदर्शन की सराहना की।

बीईई ने ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 के तहत, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा स्टार लेबलिंग कार्यक्रम तैयार किया गया है। बीईई ने अपने आवश्यक शासन के तहत 24 उपकरणों को कवर किया है, जिसमें से 10 उपकरण अनिवार्य शासन के अधीन हैं। 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर, बीईई ने ऊर्जा दक्ष डीप फ्रीज़र्स और लाइट कमर्शियल एयर कंडीशनर (एलसीएसी) को शामिल करके अपनी कवरेज का विस्तार किया है। इन दो नए उपकरणों के स्वैच्छिक शुरूआत के माध्यम से, इस कार्यक्रम के तहत अब 26 उपकरणों को शामिल किया जाएगा। इस कार्यक्रम के दौरान उर्जा दक्ष सूचना उपकरण (उदित) को ऊर्जा दक्षता पर एक डेटाबेस की सुविधा के लिए शुरू किया गया था।

## हंगामे के साथ संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण शुरु

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत आज से हो गई। लोकसभा की कार्यवाही की शुरुआत दिवंगत सांसदों को श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं, राज्य सभा में विपक्ष ने दिल्ली हिंसा पर चर्चा की मांग की। सभापति वेंकैया नायडू ने कहा हम सभी को शांति की अपील करनी चाहिए।



कांग्रेस सांसद गुलाम नबी आजाद ने कहा, दिल्ली में तीन दिन हिंसा हुई। सरकार सोती रही और कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस के बाद राज्यसभा में जोरदार हंगामा हुआ। हंगामे के बीच राज्यसभा की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। इस बीच, लोकसभा में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल-मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने दिल्ली हिंसा पर स्थगन प्रस्ताव दिया है। इससे पहले संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और आम आदमी पार्टी (आप) के सांसदों ने दिल्ली हिंसा पर संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने प्रदर्शन किया। सांसदो ने मुंह पर काली पट्टी बांध कर विरोध किया।

गौरतलब है कि बजट सत्र का दूसरा चरण तीन अप्रैल तक चलेगा और इस दौरान आम बजट को पारित करने की शेष प्रक्रियाओं को पूरा किया जाएगा। बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण से हुई थी। बजट सत्र का पहला चरण 11 फरवरी को पूरा हो गया था।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### एसआईटी करें दिल्ली हिंसा की जांचः संजय सिंह

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने सोमवार को दिल्ली में दंगों के दौरान हुई हिंसा की एसआईटी जांच की मांग की है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हिंसा में 40 से अधिक लोग मारे गए हैं, जबकि 200 लोग घायल हो गए हैं। उन्होंने भड़काऊ भाषण देने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं का नार्को टेस्ट कराने की भी मांग की है। आप सांसद ने कहा, सामने आ रहे वीडियो को देखकर यह प्रतीत होता है कि पुलिस इस अपराध में सहभागी है। ऐसे में मामले की जांच कौन करेगा? दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा, मैं हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की निगरानी में विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा उच्च स्तरीय जांच की मांग करता हूं। संजय सिंह ने दिल्ली भाजपा नेताओं पर हिंसा में शामिल होने का आरोप लगाया। सिंह ने आगे कहा, दिल्ली में हुई हिंसा भाजपा की सोची समझी साजिश का नतीजा है। इसमें शामिल भाजपा नेताओं को नार्को टेस्ट होना चाहिए। सिंह दिल्ली में संसद के दूसरे चरण की शुरुआत से पहले पत्रकारों से बात कर रहे थे।

### भड़काऊ भाषण देने वाले सभी की आलोचना की जानी चाहिएः तिवारी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी के दिल्ली अध्यक्ष व उत्तर-पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी ने सोमवार को विपक्षी नेताओं पर नफरत भरे भाषणों के लिए सिर्फ भाजपा को जिम्मेदार ठहराने के लिए निशाना साधते हुए कहा कि भड़काऊ भाषण देने वाले सभी की आलोचना की जानी चाहिए, न कि केवल भाजपा की। तिवारी ने इस बात को मानने से इनकार कर दिया कि केवल भाजपा नेता भड़काऊ भाषण देने में शामिल हैं। संसद के बाहर सोमवार को तिवारी ने कहा, पहले वे नफरत भरे भाषण देते हैं और दिल्ली व देश में माहौल खराब करते हैं। वे दिल्ली के दर्द को नहीं समझ सकते। अगर उन्होंने सवाल उठाए हैं, तो गृह मंत्री अमित शाह सदन में उनका जवाब देंगे। कुछ भाजपा नेताओं द्वारा दिए भड़काऊ भाषण के सवाल के जवाब पर उन्होंने कहा, यदि आप कुछ भाजपा नेताओं के नाम ले रहे हैं, तो फिर सभी का नाम लें। जब भड़काऊ भाषण देने वालों की बात आती है, तो सिर्फ भाजपा के नेताओं का नाम ही क्यों। प्रियंका गांधी वाड्रा, राहुल गांधी जैसे विपक्ष के कुछ नेताओं ने भी नफरत भरे भाषण दिए हैं।

### कोविड-19 के दो और पॉजिटिव मामलों का पता चला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सीओवीआईडी-19 के एक पॉजिटिव मामले का नई दिल्ली में पता चला है और एक मामला तेलंगाना में सामने आया है। दिल्ली का व्यक्ति इटली की यात्रा से आया है, जबकि तेलंगाना का व्यक्ति दुबई की यात्रा से आया है। इनकी यात्राओं के अन्य विवरणों का पता लगाया जा रहा है। दोनों रोगियों की हालत स्थिर है और उनकी बारीकी से निगरानी की जा रही है।

### दिल्ली हिंसा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 47 हुई

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली हिंसा में अब तक 47 लोगों की मौत हो गई है। नार्थ ईस्ट दिल्ली हिंसा मामले में अब तक दिल्ली पुलिस ने 334 एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले में 33 लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं, जबकि 44 केस आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं। दिल्ली हिंसा में मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 47 हो गया है। 38 मौतें गुरु तेग बहादुर अस्पताल में हुई, 3 लोक नायक अस्पताल में, 1 जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में और 5 लोगों की मौत राम मनोहर लोहिया अस्पताल में हुई। दिल्ली पुलिस ने आज एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति पर कल अफवाह फैलाने के आरोप हैं।

## दिल्ली हिंसा पर एलजी ने मोदी, शाह को वस्तुस्थिति से अवगत कराया



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल ने दिल्ली में हिंसा पर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को मौजूदा स्थिति से अवगत कराया। सोमवार सुबह संसद में हुई इस बैठक में संसदीय मामलों के मंत्री प्रह्लाद जोशी भी मौजूद थे।

बैजल को प्रधानमंत्री ने हिंसा के बाद दिल्ली की स्थिति के बारे में तथा दिल्ली सरकार के साथ-साथ दिल्ली पुलिस द्वारा इस पर उठाए गए कदमों की जानकारी देने के लिए बुलाया था।

कांग्रेस ने सोमवार को लोकसभा में दिल्ली हिंसा पर प्रधानमंत्री से जवाब मांगा और केंद्र सरकार के उस पहल को खारिज कर दिया कि इस मुद्दे पर गृह मंत्री बयान देंगे और इस मुद्दे से निपटने के लिए रणनीति बनाई जा रही है।

## दिल्ली हिंसा पर हो लोकसभा में चर्चा

**» कांग्रेस ने की मांग**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** कांग्रेस ने राष्ट्रीय राजधानी में हुई हिंसा को लेकर सोमवार को लोकसभा में इस बाबत चर्चा की मांग की है। पार्टी ने इस मुद्दे पर चर्चा कराने को लेकर नोटिस दिया है। वहीं, सरकार का कहना है कि वह नियमानुसार संसद में सभी मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को दिल्ली में हुए दंगों पर चर्चा के लिए सदन की सभी कार्यवाही को निलंबित करने का नोटिस दिया है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि सरकार सभी मुद्दों पर नियमानुसार चर्चा के लिए तैयार है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण विवादित कर के समाधान के लिए विचार करने और पारित करने के लिए डायरेक्ट टैक्स विवाद से विश्वास विधेयक, 2020 लेकर आ रही हैं। वहीं, मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी अधिनियम 1971 में संशोधन करने के लिए केंद्र मंत्री हर्षवर्धन मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (संशोधन) बिल 2020 को लोकसभा में पेश करेंगे।

## उपराष्ट्रपति ने केंद्रीय मंत्रियों दिये किसानों की धान बिक्री के संबंध में निर्देश

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उपराष्ट्रपति, एम. वेंकैया नायडू ने आंध्र प्रदेश के धान किसानों के सामने आ रही समस्याओं के बारे में सोमवार को केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री रामविलास पासवान और केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के साथ विचार-विमर्श किया।



खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग और भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी उपराष्ट्रपति से मुलाकात की और उन्हें राज्य में समग्र खरीदारी स्थिति के बारे में जानकारी दी। नायडू ने उनसे किसानों को देरी से भुगतान, धान किसानों से समय पर खरीदारी न होने और एफसीआई खरीदारी मानदंडों को लागू नहीं करने के बारे में प्राप्त रिपोर्टों पर ध्यान देने के लिए कहा क्योंकि इनसे किसानों को धान की बिक्री में परेशानी हो रही है। अधिकारियों ने नायडू को आश्वासन दिया कि किसानों और मिल मालिकों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार के साथ जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी और साथ ही राज्य सरकार को बकाया राशि का तुरन्त भुगतान कर दिया जायेगा।

उपराष्ट्रपति ने केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से भी बातचीत की और उनसे राज्य सरकार को धन की मंजूरी के मुद्दे पर ध्यान देने का अनुरोध किया।

## टीएमसी सांसदों का संसद परिसर में केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसदों ने दिल्ली में हुई हिंसा को लेकर सोमवार को संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया। टीएमसी के राज्यसभा सांसद एस.एस. रॉय ने कहा कि यह हिंसा को रोकने में विफलता पर केंद्र के खिलाफ एक प्रतीकात्मक विरोध था।



उन्होंने कहा, मेरी काली पट्टी संकेत करती है कि यह सरकार अंधी हो गई है। वे बहरे और गूंगे भी हो गए हैं। उनके नेता गोलियां चलाने के लिए कहते हैं और दिल्ली को अल्टीमेटम देते हैं कि अगर सड़क पर से अवरोध नहीं हटा तो वे कानून अपने हाथों में ले लेंगे। ठीक ऐसा (दिल्ली दंगों के दौरान) हुआ है। रॉय ने कहा, लोगों ने कानून का उल्लंघन किया और गोलियां चलाई, जिसमें राजधानी में कई लोग मारे गए। इसलिए यह सरकार के खिलाफ हमारा प्रतीकात्मक विरोध है। दिल्ली के उत्तरपूर्वी क्षेत्र में हुई हिंसा हिंसा में 40 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 200 से अधिक घायल हुए हैं। विपक्षी दल हिंसा के लिए केंद्र को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं, क्योंकि भाजपा के कई नेताओं ने अपने विवादास्पद बयानों के माध्यम से लोगों को कथित रूप से उकसाया था।

## फर्जी रसीदें जारी करने वाली फर्म का भंडाफोड़

**» मामला 436 करोड़ के माल पर इनपुट टैक्स क्रेडिट दावा का**

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सेंट्रल जीएसटी दिल्ली पूर्वी आयुक्तालय के कर वंचना अधिकारियों ने सर्कुलर कारोबार के एक प्रमुख संचालन का भंडाफोड़ किया है। इसके तहत इनपुट टैक्स क्रेडिट के फर्जी पुनर्भुगतान के लिए फर्जी रसीदों का इस्तेमाल किया जाता था। आसिफ खान, राजीव चटवाल और अर्जुन शर्मा 17 फर्जी फर्म चला रहे थे और इन लोगों ने बिना माल की आपूर्ति के रसीदें हासिल की थीं। इस तरह इन लोगों ने 436 करोड़ के बराबर फर्जी तौर पर आईटीसी को प्राप्त कर लिया था। गलत आधार पर प्राप्त की गई आईटीसी द्वारा इन लोगों ने 11.55 करोड़ रुपये के पुनर्भुगतान के लिए दावा किया था। आरोपित व्यक्तियों ने फर्जी फर्मों द्वारा भी पुनर्भुगतान का दावा किया था।

आरोपित व्यक्तियों का एक-दूसरे के साथ वैवाहिक संबंध भी है और वे पिछले एक महीने से जांच से बच रहे थे। जांच के दौरान यह बात सामने आई थी कि आरोपित व्यक्ति कुछ बैंक कर्मचारियों की मिलीभगत से हवाला कारोबार में भी लिप्त थे। इन बैंक कर्मचारियों की भी जांच चल रही है। ऊपर जिन 17 फर्मों का उल्लेख किया गया है, वे सिर्फ कागज पर हैं और उनका इस्तेमाल फर्जी रसीदें बनाने को आईटीसी के लिए किया जाता था। दोनों तरफ लेनदेन करने वाली कंपनियों, प्राप्तकर्ता और आपूर्तिकर्ता का कोई अता-पता नहीं है। धनशोधन के मामले में आरोपित व्यक्तियों से प्रविष्टियां पाने वाले कुछ व्यापारियों की भी जांच चल रही है। यह भी पता लगा है कि पुराने वैट कानून के दौरान भी आसिफ खान इसी तरह की गतिविधियों में लिप्त रहा है। यह भी पता लगा है कि ये तीनों आरोपित व्यक्ति पकड़े जाने के समय अपनी गतिविधियां अन्य राज्यों में फैलाने की भी योजना बना रहे थे। आसिफ खान, राजीव चटवाल और अर्जुन शर्मा जानबूझकर सीजीएसटी अधिनियम, 2017 की धारा 132(1)(बी) और धारा 132 (1)(सी) के तहत अपराध कर रहे थे।

## केसीपी के दो संदिग्ध सदस्यों पुलिस गिरफ्त में

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। सोमवार को स्पेशल सेल ने आतंकी संगठन केसीपी के दो संदिग्ध सदस्य गिरफ्तार किए हैं। उधर, दिल्ली हिंसा की बात करे तो हिंसाग्रस्त इलाकों में पुलिस बल की भारी तैनाती के बीच धीरे धीरे जनजीवन पटरी पर लौट रहा है। वहीं, पुलिस ने रविवार को तीन अलग अलग जगहों से चार और शव बरामद किए। इसके साथ ही हिंसा में मरने वालों की संख्या 46 तक पहुंच गई है। दूसरी ओर दिल्ली में रविवार शाम को कुछ जगहों पर हिंसा की अफवाह फैलने से माहौल तनावपूर्ण हो गया। कुछ देर के लिए मेट्रो स्टेशन बंद कर दिए गए थे। हालांकि दिल्ली पुलिस ने कहा कि हालात पूरी तरह नियंत्रण में है और लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस के मुताबिक गोकलपुरी और शिव विहार में नालियों से चार और शव निकाले गए। दिल्ली पुलिस ने कहा कि उसने अब तक की हिंसा के सिलसिले में 254 प्राथमिकी दर्ज की हैं और 903 व्यक्तियों को गिरफ्तार या हिरासत में लिया है। इनमें से 41 मामले आर्म्स एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं। पिछले चार दिनों में उत्तर-पूर्वी जिले से कोई अप्रिय घटना सामने नहीं आई है।

## आर्थिक सर्वेक्षणः छत्तीसगढ़ में जीएसडीपी विकास दर देश की विकास दर से अधिक रहने का अनुमान

**» प्रदेश में सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) विकास दर 5.32 प्रतिशत अनुमानित**

**» छत्तीसगढ़ में प्रति व्यक्ति आय में 6.35 प्रतिशत की वृद्धि छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2019-20**

**» विधानसभा के पटल पर रखा गया**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री अमरजीत भगत ने छत्तीसगढ़ राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2019-20 पटल पर रखा और संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे ने इसे जारी किया। आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार



वित्तीय वर्ष 2019-20 में छत्तीसगढ़ राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की विकास दर स्थिर भावों पर 5.32 प्रतिशत अनुमानित है, जो भारत की अनुमानित विकास दर 5 प्रतिशत से अधिक है। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में जीएसडीपी के घटकों की स्थिर भावों पर विकास दर राष्ट्रीय स्तर से अधिक रहने का अनुमान है। प्रदेश के कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र में वर्ष 2019-20 में 3.3 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है, जो देश की इस क्षेत्र की विकास दर 2.8 प्रतिशत से अधिक है। इसी प्रकार प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र की विकास दर 4.9 प्रतिशत अनुमानित है, जो अखिल भारतीय वृद्धि दर 2.5 प्रतिशत से तुलनात्मक रूप से बेहतर रहने का अनुमान है। इसी प्रकार सेवा क्षेत्र में 6.6 प्रतिशत की वृद्धि दर अनुमानित है।

जीएसडीपी में स्थिर भाव (वर्ष 2011-12) में प्रदेश के कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर 16.81 प्रतिशत अनुमानित है, जबकि देश में इस क्षेत्र की वृद्धि दर स्थिर भावों पर 14.09 प्रतिशत अनुमानित है। प्रदेश की विकास दर में कृषि क्षेत्र का योगदान तीसरे स्थान पर है। इसी प्रकार औद्योगिक क्षेत्र की विकास दर 46.19 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

### कोविड-19 के दो और पॉजिटिव मामलों का पता चला

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सीओवीआईडी-19 के एक पॉजिटिव मामले का नई दिल्ली में पता चला है और एक मामला तेलंगाना में सामने आया है। दिल्ली का व्यक्ति इटली की यात्रा से आया है, जबकि तेलंगाना का व्यक्ति दुबई की यात्रा से आया है। इनकी यात्राओं के अन्य विवरणों का पता लगाया जा रहा है। दोनों रोगियों की हालत स्थिर है और उनकी बारीकी से निगरानी की जा रही है।।

## शिक्षा का मुख्य उद्देश्य सिर्फ डिग्री हासिल करना नहीं:कोविन्द

**बिलासपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह को संबोधित किया।



इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा का मुख्य उद्देश्य सिर्फ डिग्री हासिल करना नहीं है, बल्कि एक अच्छा व्यक्ति बनना भी है। शिक्षा में नैतिक मूल्यों को शामिल करना इसलिए जरूरी है क्योंकि बिना नैतिक मूल्यों के शिक्षा समाज के लिए लाभप्रद नहीं हो सकती। हर विश्वविद्यालय का यह कर्तव्य है कि वह छात्रों में सत्यनिष्ठा, अनुशासन, सहिष्णुता और कानून के प्रति सम्मान का भाव पैदा करे। ऐसा होने पर ही छात्र किसी लोकतांत्रिक देश के सच्चे नागरिक बन सकते हैं।